महत्वपूर्ण एवं खास

सरिया टी.आई. आशीष वासनिक बाल मित्र पुलिस बनकर पहुंचे प्राथमिक शाला बार

प्रतिभावन बच्चों को प्रोत्साहित करने सरिया पुलिस ने वितरण की पाठ्य सामाग्री

रायगढ़। थाना सरिया में पदस्थ थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष वासनिक आज दिनांक 28.03.19 को अपने हमराह स्टाफ आरक्षक श्याम प्रधान, गोपाल डनसेना, महिला आरक्षक कौशल्या पटेल के साथ शासकीय स्कूल तेन्दुवाईडीपा, बार बाल मित्र पुलिस बनकर पहुंचे । टी.आई. वासनिक पहले स्कूल के शिक्षकगण से मुलाकात किये उसके बाद स्वयं बच्चों के बीच जा पहुंचे । हिंदी मीडियम क्लास 1 के छात्र छात्राएं ने फर्राटेदार इंग्लिश सुनाया तथा स्कूल के बच्चे सामान्य ज्ञान की भी बखूबी जानकारी रखते हैं । स्कूल के प्रधान पाठक मिश्रा ने बताया कि विद्यालय की स्थापना 2004 से अब तक 56 बच्चो का चयन जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत हुआ है ।

नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

फास्ट ट्रेक कोर्ट रायगढ़ ने 3 माह के भीतर पूरी की सुनवाई

रायगढ़। पॉस्को एक्ट के प्रकरणों में पीडिता को शीघ्र न्याय दिलाये जाने का प्रावधान है । इस क्रम में एक बार फिर सरोजनंद दास प्रभारी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रेक कोर्ट, रायगढ़ के न्यायालय में छ- माह के भीतर पीडिता को न्याय दिलाया गया है । थाना खरसिया के अपराध क्रमांक 648/2018 धारा 363, 366, 376 भा.दं.वि., 4,6 पास्को एक्ट के आरोपी राहुल भारद्वाज पिता रामलाल भारद्वाज उम्र 18 वर्ष 6 माह निवासी चारपारा थाना खरसिया पर आरोप है कि वह नाबालिक बालिका को उनके माता पिता के विधिक संरक्षकता से उनकी अनुमति बिना दिगर प्रांत ले जाकर बालिका के इच्छा के विरुद्ध उससे अनाचार किया था । माननीय न्यायालय द्वारा पक्ष-विपक्ष की दलीलें सुनने के पश्चात आरोपी राहुल भारद्वाज को धारा 363, 376(2)(ढ), धारा 376(3) तथा 6 पास्को एक्ट में दोषी ठहराते हुए धारा 376(3) आईपीसी में 20 साल की कठोर सजा व रू. 5000 के अर्थदंड तथा 6 पॉक्सो एक्ट में 10 साल की सजा से दंडित किया है । माननीय न्यायालय द्वारा अपील अवधि पश्चात राज्य शासन को प्रतिकर के रूप में पीडिता को एक लाख रूपये देने का आदेश दिया गया है । उक्त मामले की विवेचना सहायक उपनिरीक्षक जी.पी. बंजारे तत्कालीन थाना खरसिया द्वारा की गई है ।

28 पाव देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायगढ़। मोटर सायकल पर शराब रखकर अवैध बिक्री के लिए जा रहा था आरोपी, डोंगरीपाली पुलिस ने पकड़ा। थाना प्रभारी डोंगरीपाली उप निरीक्षक जयसिंह खुंटे मुखबिर सूचना पर मिशन चौक झिकीपाली के पास नीला रंग के हीरो होण्डा स्पेलण्डर प्लस मोटर सायकल क्रं सीजी 04- केई 7558 के साथ एक व्यक्ति को पकडे । पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम गोपाल सारथी पिता तिलसाय सारथी उम्र 45 वर्ष सा. बहलीडीह थाना बरमकेला बताया जिसके मोटर सायकल के हैण्डिल में प्लास्टिक थैला टंगा था, थौला अंदर देशी मंदिरा मशाला 28 पाव कीमती 1680 रूपये मिला जिसे जप्त किया गया है ।

लोकसभा प्रत्याशी लालजीत सिंह राठिया के नामांकन दाखिल में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

सीएम भूपेश बघेल का कार्यकर्ताओं ने हेलीपैड में किया स्वागत

रायगढ़ । लोकसभा चुनाव 2019 में तीसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है. रायगढ़ लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत सिंह राठिया ने आज 30 मार्च शनिवार को नामांकन दाखिल किया। लालजीत सिंह राठिया के नामांकन दाखिल करने के मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी पहुंचे।

कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत सिंह राठिया ने सादगीपूर्ण ढंग से आज प्रदेश के ओजस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अगुवाई में अपना नाम निर्देशन फार्म जमा किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लालजीत सिंह राठिया के नामांकन दाखिल में शामिल होने दोपहर करीब 12.45 बजे हेलीकॉप्टर से मिनी स्टेडियम पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हेलीपैड में पुष्प माला, फूलों के गुलदस्ता भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। जिसके बाद वे कलेक्टोरेट पहुंचे जहां लालजीत सिंह राठिया ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अगुवाई में अपना नाम निर्देशन फार्म जमा किया।

लालजीत सिंह राठिया के नामांकन प्रक्रिया के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा की. सीएम बघेल ने इस दौरान केन्द्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने का दावा किया। मीडिया से चर्चा करने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बार रूम पहुंच कर अधिवक्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद हेलीकॉप्टर से लैलूंगा के लिए रवाना हुए उनके साथ मंत्री उमेश पटेल और विधायक रामपुकार सिंह भी लैलूंगा गये।

भूपदेवपुर व कोसीर क्षेत्र में खेत तथा पैरावट में लगी आग

भूपदेवपुर प्रभारी, राईनो स्टाफ और फायर ब्रिगेड पहुंचे आग बुझाने

रायगढ़। भूपदेवपुर राईनो को नावापारा गांव के खेत में आग लगने का इवेंट मिला । इवेंट की जानकारी राइनो स्टाफ द्वारा थाना प्रभारी भूपदेवपुर को देते हुए मौके पर पहुंचे । थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक चमन सिन्हा अपने स्टाफ के साथ ग्राम नावापारा पहुंचे जहां ट्रांसफार्तर की आग सूखे गेहूं के फसल में लग गई जिससे धूं-धूं कर पूरा खेत जलने लगा । भूपदेवपुर स्टाफ, फायर ब्रिगेड व गांववालों ने किसी तरह आग पर काबू पाया गया किन्तु खेत के काफी बड़े भाग में लगा गेहूं का फसल आग से नुकसान हो गया । वहीं आज दोपहर कोसीर राईनो को थाना कोसीर के ग्राम सिलयारी में पैरावट में आग लगने का इवेंट मिला, जिस पर ईव्हीआर वाहन के साथ राइनो स्टाफ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की सहायता से आग को बढने से बचाये ।

फेसबूक पर इंदिरा गांधी पर अश्लील टिप्पणी: कांग्रेसियों ने किया एफआईआर की मांग

रायगढ़। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की आपत्तिजनक तस्वीर फेसबुक पर भाजपा नेता एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा डाले जाने से कांग्रेसियों में आक्रोश है। नरेश पटेल के इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए कांग्रेसियों ने सिटी कोतवाली में उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने आवेदन दिया है। हमारे देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री रही इंदिरा गांधी की आपत्तिजनक तस्वीर को फेसबुक में शेयर कर अपनी ओछी मानषिकता का परिचय देने वाले भाजपा के कार्यकर्ता व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश पटेल पर दर्ज कराने जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जयंत ठेठवार के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी एकात्रित हो कर सी. टी. कोतवाली पहुंचे। कोतवाली प्रभारी से मिल कर भाजपा के छुटभैये नेता नरेश पटेल के विरूद्ध अपराध दर्ज करने की मांग को लेकर आवेदन दिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिनको महिलाओं का सम्मान करना नही आता उन्होने देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री रही आयरन लेडी इंदिरा गांधी पर ओछी टिप्पणी कर अपने दिमाग के दिवालिया पन का परिचय दिया है।

अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराई, चालक व हेल्पर घायल

रायगढ़। ट्रक पेड़ से टकराई, घायल व्यक्ति को मिला डायल 112 आपातकालीन सेवा की त्वरित सहायता का लाभ। घटना आज सुबह की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना लैलूँगा क्षेत्र में मोहनपुर के पास ट्रक चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए अनियंत्रित होकर ट्रक पेड़ से टकरा गयी थी। टकराने से ट्रक चालक को सामान्य चोंट एवं हेल्पर गणेष यादव पिता मोहन यादव उम्र-20 निवासी ग्राम बुडीखार जिला बिलासपुर को गंभीर चोंट आया है। डायल 112 में सूचना मिलते ही ईआरव्ही लैलूँगा रायनो- 1 की टीम को रवाना किया गया। मौके पर पहुँचकर ईआरव्ही स्टॉफ ने घायलो को नजदीक के सीएचसी लैलूँगा अस्पताल में भर्ती कराया। इस कार्यवाही के दौरान डीपीसीआर प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक प्रेमसाय भगत ईआरव्ही टीम के आरक्षक क्र.725 बच्चनराय खलखो एवं कॉल डिस्पेचर आरक्षक (दू.सं.) विजय निगम ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

डायल 112 की टीम ने समय पर पहुंचकर बाल विवाह रोका

रायगढ़। 28 मार्च की रात डायल 112 की टीम ने समय पर पहुंचकर बाल विवाह होने से रोका है । डायल 112 में थाना घरघोड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नूनदरहा नवाडीह में किसी नाबालिक लड़की उम्र 16 वर्ष की शादी किये जाने की सूचना मिली। सूचना पर कार्यवाही करते हुये डायल 112 द्वारा ईआरव्ही घरघोड़ा राईनो 1 की टीम को तत्काल कॉलर द्वारा बताये गये स्थान के लिये रवाना किया गया। कुछ ही समय में घटनास्थल पर पहुंची ईआरव्ही टीम के स्टाफ द्वारा बाल विवाह को रोका गया एवं नाबालिक लड़की के माता-पिता को समझाईश देकर शादी न करने को कहा। सामाजिक जागरूकता से संबंधित इस कार्यवाही के दौरान डीपीसीआर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक प्रेमसाय भगत, ईआरव्ही टीम के आरक्षक 1156 उमाषंकर भगत, 1141 नंद कुमार यादव एवं कॉल डिस्पेचर आरक्षक (दूसं) 211 विजय निगम ने सराहनीय कार्य किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं तीमूल ड्राईवर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 ली.बी.वर्मा, श्रीमती हेकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकि रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकि शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480